**मुकदमा संख्या ___________________________**

| | | |
|---|---|---|
| **टेक्सस राज्य** | § | **FORT BEND COUNTY, TEXAS** |
| | § | |
| **बनाम** | § | **(फोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस) के** |
| | § | |
| ______________________________ | § | **द काउंटी कोर्ट ऐट लॉ नंबर _________ में** |

**कम्यूनिटी सुपरविज़न प्रोबेशन का आदेश**

**ORDER OF COMMUNITY SUPERVISION PROBATION**

इस ______________ दिन, ______________, 20______ को प्रतिवादी ने खुद व्यक्तिगत रूप से (और एटॉर्नी ____________________________________________________ के साथ) और भरी कोर्ट में एक ग़ैर-संगीन (मिस्डिमीनर) अपराध, जैसा कि सूचना में आरोप लगाया गया है, ______________________________________________________________ के आरोप में अपनी **दोषी होने/ नोलो कॉन्टेंडरे** (आरोप स्वीकार या अस्वीकार किए बिना सज़ा स्वीकार करना) की याचिका दायर की है। कोर्ट ने प्रतिवादी की याचिका स्वीकार की है और राज्य व प्रतिवादी के द्वारा पेश किए गए सभी साक्ष्यों व वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद, जैसा कि कथित तौर पर सूचना में आरोप लगाया गया था और जिसका सबूत मौजूद है, प्रतिवादी को गैर-संगीन अपराध का दोषी पाया है। कोर्ट प्रतिवादी पर $ _______का जुर्माना लगाता है और Fort Bend County Jail (जेल) में _________ दिन कारावास की सजा देता है। इसके साथ ही प्रतिवादी को दूसरे सभी खर्च भी उठाने होंगे।

हालाँकि कोर्ट के संज्ञान में यह बात है कि इस मुकदमे के पहले प्रतिवादी ने कोर्ट में शपथपूर्वक प्रोबेशन के लिए लिखित आवेदन दिया था। कोर्ट इस नतीजे पर पहुँचा है कि प्रतिवादी टेक्सस के मिस्डिमीनर प्रोबैशन लॉ ऑफटेक्सस (Misdemeanor Probation Law of Texas) के तहत प्रोबेशन पाने के लिए जरूरी सभी शर्तों पर खरा उतरता है। न्याय के लिए और प्रतिवादी व समाज के हित में इस मामले में प्रतिवादी प्रोबेशन पर रहेगा।

**इसलिए, कोर्ट के द्वारा विचारित, आदेशित और घोषित** किया जाता है कि इ स मामले में प्रतिवादी को आजकी तारीख से ____________माह की अवधि के लिए प्रोबेशन पर निम्नलिखित नियम और शर्तों पर रखा जा रहा है, अर्थात, प्रोबेशन की अवधि के दौरान प्रतिवादी:

1. इस राज्य या अमेरिका के किसी राज्य के कानून के खिलाफ कोई अपराध नहीं करेगा;
2. घातक और अनैतिक आदतों से दूर रहेगा। आप प्रतिबंधित चीजों, घातक ड्रग्स, मारिजुआना या ऐसी कोई भी दवा, जो आपको कानूनन नहीं दी गई है, अपने पास नहीं रखेंगे और ना ही इनका इस्तेमाल या सेवन करेंगे;
   - ☐ मादक पेय पदार्थों का न तो आप इस्तेमाल करेंगे और न ही उन्हें अपने पास रखेंगे।
3. बदनाम लोगों या स्थानों या नुकसान पहुँचाने वाले लोगों से दूर रहेंगे (इसमें ऐसी जगहों पर बार-बार जाना भी शामिल है जहाँ नशीले पेय पदार्थ बेचे जाते हैं या परोसे जाते हैं);

4. Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department (फोर्ट बेंड काउंटी कम्यूनिटी सुपरविज़न एण्ड करेक्शंस डिपार्ट्मन्ट) में आज की तारीख़ और इसके बाद हर महीने इसी तारीख़ को सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान व्यक्तिगत रूप से या जैसा कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर निर्देशित करेगा, आप उपस्थित होंगे बशर्ते आपके कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर आपको कोई दूसरी तारीख़ नहीं दे देते। Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के सभी नियम और शर्तों का पालन करेंगे;
5. आप कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को अपने घर , नौकरी की जगह या कहीं और आकर आपसे मिलने की इजाजत देंगे;
6. Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के सभी नियम और शर्तों का पालन करेंगे। Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के किसी भी कार्यालय या परिसर में आप गलत आचरण से खुद को दूर रखेंगे। गाली-गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेंगे और न ही शांति भंग करेंगे;
7. जहां तक संभव होगा विश्वसनीयतापूर्वक उपयुक्त नौकरी करेंगे और अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को हर हाज़री के दिन नौकरी का लिखित में प्रमाण देंगे (नौकरी पाने के लिए सभी कोशिशों सहित)। नौकरी बदलने की स्थिति में 24 घंटे के अंदर अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को आप इसकी सूचना देंगे;
8. अगर आपने अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर के मार्फत कोर्ट से राज्य छोड़ने की पूर्व इजाजत नहीं ली है तो आप टेक्सस राज्य की सीमा से बाहर न जाएँ। अगर आपने अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर के मार्फत कोर्ट से निवास स्थान बदलने की इजाजत नहीं ली है तो अपना निवास स्थान नहीं बदलेंगे;
9. अपने आश्रितों की आप मदद करेंगे और कोर्ट द्वारा आदेशित बच्चों की देखरेख से संबंधित सभी भुगतान चालू रखेंगे। बच्चे की देखरेख के लिए जरूरी भुगतान के लिए कोर्ट के सभी आदेशों की प्रमाणित प्रति अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को उपलब्ध कराएँगे;
10. आज की तारीख और इसके बाद हर महीने आज ही के दिन अपने प्रोबेशन के दरमियान Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान $50.00 का भुगतान Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department को करेंगे। सभी भुगतान मनीऑर्डर या कैशियर चेक के रूप में किए जाएँगे। निजी चेक स्वीकार नहीं किए जाएँगे;
11. जब भी आप कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर से मिलेंगे, उन्हें पूरी तरह से भरी हुई और हस्ताक्षरित "प्रोबेशनर्स मासिक रिपोर्ट" सौंपेंगे;
12. Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के द्वारा मादक और/ या नशीले पदार्थों के सेवन की जाँच के लिए आपका कभी भी परीक्षण किया जा सकता है। इस परीक्षण के लिए शुल्क का भुगतान आप Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department को करेंगे और वह भी परीक्षण के लिए नमूना देने के दस (10) दिन के अंदर;

13. फ़ोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस के काउंटी क्लर्क को _________________ 20____ या उससे पहले कोर्ट खर्च के रूप में $ ________ का भुगतान करें,

14. फ़ोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस के काउंटी क्लर्क के जरिए अपने जुर्माने की राशि का भुगतान $_____ ,प्रति महीने $ ____ की दर से करें। पहला भुगतान ______________________ 20_____ के ______________ दिन को/या उससे पहले बकाया और देय है, और जब तक कि पूरे जुर्माने का भुगतान नहीं हो जाता हर महीने इसी तारीख़ को $_____ का भुगतान करें;

15. $______ के मुआवजे का भुगतान $_____ की बराबर किस्तों में करें। इसका पहला भुगतान ______________________ 20_____ के ______________ दिन को देय है, और इसी राशि की किस्तें हर महीने की इसी तारीख को तब तक देनी है जब तक की भुगतान पूरा नहीं हो जाता। उपर्युक्त भुगतान Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के जरिए जमा करना होगा;

16. फ़ोर्ट बेंड काउंटी को कोर्ट द्वारा नियुक्त वकील के खर्चे के रूप में $________ की रकम दें; यह रकम फ़ोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस के काउंटी क्लर्क के जरिए $_____ प्रति माह की दर से होगी, जिसकी शुरुआत _____________________ 20_____ के ______________ दिन से होगी और इसी तरह भुगतान हर महीने की इसी तारीख को तब तक होगा, जब तक की भुगतान पूरा नहीं हो जाता।

17. प्रतिवादी को $50.00 का एकमुश्त भुगतान स्थानीय "क्राइम स्टॉपर्स" | "Fort Bend County Women's Center (फोर्ट बेंड काउंटी वुमन सेंटर)" | "Fort Bend Partnership for Youth program (फोर्ट बेंड पार्टनरशिप फॉर यूथ प्रोग्राम)" | "Behind the Badge Charities (बिहाइंड द बैज चैरिटी)" को करना होगा। यहाँ उल्लेखित भुगतान तारीख __________________ 20____ को देय होगा और Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के जरिए दिया जाएगा;

18. अच्छे व्यवहार के लिए मिलने वाले फ़ायदे के बिना प्रतिवादी को _____ दिन की सजा फ़ोर्ट बेंड काउंटी जेल में काटनी होगी। यह सजा नीचे दिए गए निर्देशों के मुताबिक:

____ तुरंत प्रभाव से शुरू/________________ 20_____ के _____________________ दिन; या

____ सप्ताहांत ______________________ 20_____के ______________ दिन ______ am /pm से शुरू होकर _____________________ 20_____के ______________ दिन ______ am /pm तक और इसके बाद सज़ा पूरी होने तक हर सप्ताह जारी रहेगी; या

____ _____________________ 20_____के ______________ दिन ______ pm से शुरू और अगले दिन _______ am तक; और हर रोज़ शाम को इसी समय तब तक जारी रहेगी, जब तक सजा पूरी नहीं हो जाती;

अगर प्रतिवादी तय तारीख़ और तय समय पर Fort Bend County Jail में उपस्थित नहीं होता, तो बिना नोटिस के प्रतिवादी की गिरफ्तारी के लिए आदेश जारी कर दिया जाएगा और जेल की बाकी अवधि सप्ताहांत या शामों की नहीं होगी बल्कि पूरे सप्ताह की होगी और तब तक चलेगी जब तक कि वह सजा पूरी न कर ले;

19. प्रतिवादी को कम्यूनिटी सर्विस रेस्टिट्यूशन कोऑर्डनैटर द्वारा निर्धारित कम्यूनिटी सर्विस रेस्टिट्यूशन के ____ घंटे फ़ोर्ट बेंड काउंटी, के लिए करने होंगे और यह 4 घंटे प्रति सप्ताह/16 घंटे प्रति महीने से कम नहीं होंगे, और यह कम्यूनिटी सर्विस इस आदेश के जारी होने के 30 दिन के अंदर ही शुरू होगी। ये घंटे ______________________ 20_____ के _____________ दिन तक पूरे करने होंगे;

20. इस आदेश के 30 दिन के अंदर प्रतिवादी को Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department द्वारा मान्यता प्राप्त किसी ऐसी एजेंसी से मादक/ नशीले पदार्थ का मूल्यांकन पूरा करवाना होगा, जो यह काम करती हो। अगर इलाज जरूरी हो तो प्रतिवादी को इलाज से संबंधित सभी नियमों व निर्देशों, जो एजेंसी ने तय किए होंगे, का पालन करना होगा। साथ ही, ऐसी सेवाएँ देने के लिए जो खर्चा होगा, उसे वहन करना होगा। प्रतिवादी को तब तक यह इलाज लेना होगा, जब तक कि सफलतापूर्वक पूरा न हो जाए, जैसा कि प्रतिवादी के वकील और कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर ने लिख कर दिया है;

21. इस आदेश के 30 दिन के अंदर प्रतिवादी को Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department द्वारा मान्यता प्राप्त किसी ऐसी एजेंसी से मनोवैज्ञानिक मूल्याँकन पूरा करवाना होगा, जो ऐसी सेवाएँ प्रदान करती हो। अगर इलाज जरूरी हो तो प्रतिवादी को इलाज से संबंधित सभी नियमों व निर्देशों, जो एजेंसी ने तय किए होंगे, का पालन करना होगा। साथ ही, ऐसी सेवाएँ देने के लिए जो खर्चा होगा, उसे वहन करना होगा। प्रतिवादी को तब तक यह इलाज लेना होगा, जब तक कि सफलतापूर्वक पूरा न हो जाए, जैसा कि प्रतिवादी के वकील और कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर ने लिख कर दिया है;

22. इस आदेश के 30 दिनों के अंदर Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department की "लिटरेसी लैब (साक्षरता लैब)" द्वारा एक मूल्यांकन पूरा करना होगा। अगर योग्यता का औसत स्तर अनुच्छेद 42.12 की धारा 11 (c) के अनुरूप नहीं होगा, तो प्रतिवादी को इस कोर्ट के न्यायाधीश की मंजूरी के साथ Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के निर्देश पर एक शैक्षणिक प्रोग्राम में तब तक भाग लेना होगा जब तक कि जरूरी योग्यता का स्तर पा नहीं लिया जाता;

23. अगर प्रतिवादी जुर्माना, कोर्ट खर्चा या एटॉर्नी की फीस तुरंत न देकर इस आदेश के 30 दिन के बाद देना चाहता है, तो प्रतिवादी को फ़ोर्ट बेंड काउंटी के काउंटी क्लर्क को $2.50 का भुगतान करना होगा;

24. इस आदेश के_____ दिनों के भीतर प्रतिवादी को पीड़ित के नाम माफी का एक पत्र लिखना होगा और उसे फोर्ट बेंड कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर के पास जमा करके उसकी मंजूरी लेनी होगी; Rev. 0610 19

25. प्रतिवादी को फोर्ड बेंड काउंटी कम्यूनिटी सुपरविज़न एण्ड करेक्शंस के ( ) दिमागी कमजोरी; ( ) युवा अपराधी; ( ) मादक द्रव्यों का सेवन; ( ) यौन अपराधी कार्यक्रम में उस अवधि के लिए भाग लेना होगा जो Community Supervision and Corrections Department तय करेगा हालांकि यह अवधि दो (2) साल से ज्यादा की नहीं होगी।

26. न तो व्यक्तिगत रूप से, न ही इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन के द्वारा, न ही लिखित में, न ही किसी तीसरे पक्ष के द्वारा या अन्यथा _________________________ से **संपर्क नहीं करेगा**

27. ________________________________________________________________________

____________________________________________________________

____________________________________________________________

आपको यह सूचित किया जाता है कि इस राज्य के कानून के अनुसार, कोर्ट प्रोबेशन के नियमों व शर्तों को तय करेगा और प्रोबेशन के दौरान किसी भी समय वह इन नियमों व शर्तों में हेरफेर कर सकता है या बदल सकता है।

मैं, यानी प्रतिवादी स्वीकार करता/करती हूँ कि मुझे प्रोबेशन के नियमों व शर्तों की एक प्रति मिल गई है और मेरे एटॉर्नी ने नियमों व शर्तों के बारे में मुझे विस्तार से बताया है और मैं प्रोबेशन की शर्तों को समझता/समझती हूँ, मैंने __________________ 20_____ के ______________ दिन को हस्ताक्षर किए है

________________________________

पीठासीन न्यायाधीश

________________________________

प्रतिवादी के दाहिने अँगूठे का निशान

________________________________

प्रतिवादी के हस्ताक्षर/तारीख़

द्वारा हस्ताक्षर लिए गए :

________________________________

नाम/ टाइटल/तारीख़

मैंने प्रतिवादी को प्रोबेशन की शर्तों को विस्तार से समझा दिया है और प्रतिवादी इन्हें समझता है।

________________________________

प्रतिवादी का एटॉर्नी/तारीख़

________________________________

असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी/तारीख़